
# देश में अमन-चैन की दुआ मांगते हुए निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

जागरण टीम • श्रावस्ती : हजरत मुहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मुबारक मौके पर शुक्रवार को पूरे जिले में धूमधाम से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। एसपी राहुल भाटी व एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम भी भ्रमणशील रह कर स्थिति का जायजा लेते रहे।







भिनगा नगर में जुलूस के दौरान जवानों के साथ सुरक्षा का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ( मध्य में आगे) और एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ( बाएं)। वहीं भिनगा नगर में बारावफात त्योहार पर निकले जुलूस में शामिल लोग और सिरसिया कस्बे में निकले जुलूस-ए-मुहम्मदी में शामिल लोग • जागरण

भिनगा नगर के रजानगर मुहल्ला स्थित अंजुमन मदरसे से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। अटल चौक छावनी तिराहा होते हुए अस्पताल चौराहा पहुंचा। इसके बाद पुरानी बाजार होते हुए पुनः अंजुमन मदरसे में आकर समाप्त हुआ। जुलूस में डीजे की धुन पर युवा नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में बनाए गए गुम्बद आकर्षण का केंद्र रहे। नपाप अध्यक्ष इरफान अहमद, पूर्व विधायक मुहम्मद असलम राइनी, आतिफ असलम, मोहसिन रजा खान, राजू अंसारी, अशरफ खान शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भिनगा कोतवाल राजकुमार सरोज पुलिस बल के साथ डटे रहे।

सिरसिया बाजार में मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर हाजी दद्दन खां के नेतृत्व में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया।

जुलूस सिरसिया गांव स्थित मदरसा जामिया रिजविया मोईनुल उलूम से पुरानी बाजार होते हुए नई बाजार, मुराउनपुरवा, नूतन बस्ती, चांदगढ़ी पहुंचा। युवा पत्ती-पत्ती, फूल-फूल या रसूल या रसूल के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। निरालानगर स्थित दद्दन खां के घर पर शिद्दत के साथ देश में अमन-चैन के लिए दुआ करने के साथ जुलूस का समापन किया गया।

सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक शैलकांत उपाध्याय पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। अलीमुद्दीन, नईम, कलीम, आरिफ, तबरेज खां, फरीद, शराफत अली, याकूब सलमानी, शकील खान, शामिल रहे। इसी प्रकार इकौना, गिलौला, जमुनहा बाजार, बदला चौराहा, लक्ष्मनगर समेत अन्य स्थानों पर भी जुलूस-ए-मुहम्मदी धूमधाम से निकाला गया।